प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

लोकसभा–विधयेक

केन्द्र सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संविधान विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा को लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को स्वीकृति दी थी। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा।

..........................................

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री दोहपर 12 बजे लोहारघाट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके उपरांत नालागढ़ में भटोली खड्ड पर बने पुल की आधारशिला रखेंगे।

..........................................

आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फिति और कृषि की बढती लागत का प्रभाव कम होगा। रिजर्व बैंक के इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। ये कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण की पहुंच को बढ़ावा देगा। इस पहल से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की मांग भी बढ़ेगी, जिससे किसान कृषि कार्यों में निवेश और अपनी आजीविका में सुधार कर सकेंगे।

..........................................

फलदार पौधे

औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी तथा इसके मशोबरा सहित अन्य अनुसंधान केन्द्रों में कल से सेब सहित अन्य फलों के पौधों की बिक्री शुरू होगी। इन केन्द्रों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फलदार पौधे दिए जाएंगे। क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधार व प्रशिक्षण केन्द्र मशोबरा के सहायक निदेशक डॉ. दिनेश ठाकुर ने कहा कि कल  से सब व अन्य फलों के पौधों की बिक्री शुरू की जाएगी।

..........................................

गश्ती वाहन

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मार्गों पर सुरक्षा उपायों और निगरानी मजबूत करने के लिए गश्ती वाहन तैनात करेगा। इन वाहनों को राजमार्ग साथी कहा जाएगा। ये गश्ती वाहन संचार और सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों से लेस होंगे और यातायात बाधाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार करने में मदद करेंगे। इन वाहनों में ए. आई. कैमरा भी लगें होंगे जो सडकों के गढ्ढों और दरारों का पता लगा पाएंगे।

.........................................

आगजनी

कुल्लू ज़िला के मनाली उपमंडल के तहत बलसारी गांव में कल आगजनी की एक घटना में अढाई मंजिला रिहायशी मकान जलकर नष्ट हो गया। हमारे कुल्लू संवददाता के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया गया इस घटना में लगभग 10 लाख रूपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है जबकि 50 लाख रूपए से अधिक की की संपत्ति को बचा लिया गया है। आग के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

.........................................

मौसम

प्रदेश में बीते दिनों हुई हल्की बर्फबारी के बाद राज्य में मौसम लगातार साफ बना हुआ है। इसके बावजूद प्रदेश में लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में डेढ़ दर्जन से अधिक प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से नीचे पहुंच गया है। जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में भारी गिरावट के चलते पानी के अधिकांश स्रोत जम गए हैं। ताबो प्रदेश का सबसे ठण्डा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले एक सप्ताह तक राज्य में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

.........................................

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी हैं।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– ड्रग्स माफिया पर कड़ी कार्रवाई सलाहकार बोर्ड जल्द।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावना तलाशें। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–कुपवी की पहाड़ियों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावनाएं तलाशें–सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को दिए निर्देश।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–पौंग बांध में उतरेंगे शिकारे–डैम में वाटर स्पोर्ट्स शुरू करने को राज्य सरकार की अनुमति।

हिमाचल में बिजली दरें बढ़ाने की तैयारी शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है– 50 से 70 पैसे प्रति यूनिट दर का प्रस्ताव अगले वित्तीय वर्ष के लिए।

सोलन के डगशाई में कोयले की गैस से 3 युवकों की मौत की खबर भी आज अधिकांश समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई हैं।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 11 जगह पर तापमान माइनस में, शिमला को छोड़ सभी शहरों में पारा 9 डिग्री से नीचें। पंजाब केसरी के शब्द हैं– ऊना व बिलासपुर में चली शीतलहर, 9 वर्ष बाद ऊना सबसे ज्यादा ठंडा।

हिमाचल दस्तक लिखता है– सूखी ठंड पड़ रही भारी, 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने के आसार।

..........................................